फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द

श्री हितेष मेहता अधियक्ता तहसील रोड भीम तहसील भीम जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार **पत्रावली संख्या 09/2018**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 27.03.2018 पत्रावली पेश हुयी। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार भीम से वांछित सूचना प्राप्त नही होने से यह अपील जरिये डाक से प्रेषित की गयी। अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लो0सू0अ0 तहसीलदार भीम को अपील प्रति भेजकर अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लो0सू0अ0 तहसीलदार भीम द्वारा जरिये पत्र कमांक सू.का.अधि. /018/2254 दिनांक 20.03.2018 से प्रेषित रिपोर्ट में अंकितानुसार अपील के पैरा संख्या 01 लगायत 4 के संदर्भ में निवेदन किया है कि अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना इस कार्यालय के पत्रांक भू0अ0/018/2047–48 दिनांक 20.03.2018 द्वारा बिन्दुवार उत्तर/जवाब एक्ट के अनुरूप स्पष्ट एवं सटीक अपीलाथी को बाई हेन्ड दिनांक 20.03.2018 को प्रदत्त कर दी गई है। अतः नोटिस निरस्त फरमाने की कृपा करावें। लो0सू0अधिकारी तहसीलदार भीम की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी द्वारा चाही गयी सूचना तहसीलदार भीम के पत्रांक भू0अ0/018/2047–48 दिनांक 20.03.2018 द्वारा बिन्दुवार उत्तर/जवाब एक्ट के अनुरूप स्पष्ट एवं सटीक अपीलाथी को बाई हेन्ड दिनांक 20.03.2018 को प्रदत्त कर दी जाने से अपीलार्थी द्वारा प्रेषित अपील इसी स्टेज पर निरस्त की जाती है। निर्णय प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार, भीम को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **जिला कलक्टर राजसमन्द**	